# गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय बाँसवाड़ा

## जीजीटीयू

## सत्रांत वार्षित परीक्षाओं के आवेदन भरवाने की प्रक्रिया इसी सप्ताह से शुरू

## सभी प्रविष्ठियाँ ध्यान से भरने के निर्देश

## विद्यार्थी सुविधा हेतु जिज्ञासा समाधान पत्रक जारी

बाँसवाड़ा,13 नवम्बर 2022

गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2022-23 के सत्रांत वार्षिक परीक्षाओं हेतु परीक्षा फॉर्म भरवाने के प्रक्रिया इसी सप्ताह से शुरू होने जा रही है|विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न परीक्षाओं हेतु आवेदन पत्र भरने की विधिवत विस्तृत अधिसूचना सोमवार को जारी होगी|सभी छात्रों को फॉर्म भरने सम्बन्धी सभी जिज्ञासाओं के समाधान हेतु जीजीटीयू के परीक्षा अनुभाग द्वारा ऍफ़ ए क्यू अर्थात प्रक्रिया सम्बंधित अधिकांश विद्यार्थियों हेतु उपयोगी प्रश्नोत्तर जारी किया गया है |

### प्रश्न 1: कौनसी कक्षाओं के एग्ज़ाम फॉर्म अभी भरे जा रहे?

- तीन वर्षीय बी.ए,बी.एससी:मैथ्स,बायोलॉजी और कंप्यूटर साइंस,बी.कॉम की सभी कक्षाएँ
- बी.बी.ए
- दो वर्षीय एमए,एम् कॉम (प्रीवियस और फाइनल) एम्.एससी.और एम्.बी.ए.सेमेस्टर,
- चार वर्षीय बी.एड,दो वर्षीय बी.एड और और कैंपस के अन्य कोर्सेस के एग्ज़ाम फॉर्म बाद में भरे जाएँगे

### प्रश्न 2 :क्या मैं एक सत्र में दो कोर्सेस में एडमिशन लेकर फॉर्म भर सकता हूँ?

- **यूजीसी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार एक ही समय में विद्यार्थी दो रेगुलर कोर्स नहीं कर सकता है|यदि किसी भी विद्यार्थी ने जीजीटीयू के किसी भी कोर्स में एडमिशन ले लिया हो और उसके बाद किसी और कोर्स में एडमिशन ले लिया हो उन्हें स्पष्ट किया जाता है कि वे किसी भी स्थिति में जीजीटीयू के एग्ज़ाम फॉर्म न भरें|यदि एग्ज़ाम फॉर्म भर दिया तो ऐसे विद्यार्थी को रेगुलर ही माना जाएगा भले ही वह आगे एग्ज़ाम में सम्मिलित न हो|**

## प्रश्न 3: एक ही सत्र में दो डिग्री करने का क्या प्रावधान है?

- **यूजीसी द्वारा हाल ही मैं जो आदेश जारी किया गया है उसमें यह स्पष्ट किया गया है कि एक ही समय में दो रेगुलर कोर्स केवल कोर्स की टाइमिंग अलग अलग होने पर ही मान्य है|अतः विद्यार्थी इस सम्बन्ध में विशेष सावधानी रखें|**

## प्रश्न 4: फॉर्म भरने में क्या सावधानी रखनी होंगी ?

- राजकीय महाविद्यालय के फर्स्ट ईयर बी.ए,बी.एससी और बी.कॉम  में प्रवेशित सभी विद्यार्थी ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया में भरे हुए फॉर्म की एप्लीकेशन आई डी से ही फॉर्म भरेंगे |इन विद्यार्थियों को कॉलेज द्वारा आवंटित विषय ,नाम,पिता का नाम फॉर्म में भरा हुआ प्राप्त होगा|
- शेष समस्त विद्यार्थियों जिन्होंने कक्षा 12वीं की परीक्षा राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से उत्तीर्ण की है,वे विद्यार्थी केवल अपना वर्ष डालेंगे और उनका डेटा:नाम,पिता का नाम एवं अन्य डेटा जो राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड  द्वारा उपलब्ध  कराया गया है वो  फॉर्म में अपने आप आएगा |
- अन्य बोर्ड के विद्यार्थी अदर ऑप्शन लेकर फॉर्म भरेंगे|
- निजी महाविद्यालय के रेगुलर विद्यार्थी सम्बंधित महाविद्यालय में सम्पर्क करेंगे एवं उनके फॉर्म वही ऑनलाइन भरे जाएँगे|
- स्वयंपाठी (प्राइवेट)विद्यार्थी खुद ई मित्र जाकर फॉर्म भर सकता है|
- पीजी कोर्सेस में प्राइवेट विद्यार्थी को परीक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय ही भरना होगा|
- सेकंड ईयर थर्ड ईयर और पीजी फाइनल के एग्ज़ाम फॉर्म  वर्ष 2022 की परीक्षा के रोल नम्बर से ही खुलेंगे|विद्यार्थी को विशेष हिदायत दी गई है कि यदि यदि पूर्व कक्षा का कोई भी प्रश्न पत्र ड्यू है तो वह अनिवार्यतः भरें|

## प्रश्न 5:  कौनसे डॉक्यूमेंट अनिवार्य होंगे ?

- पहली बार यूनिवर्सिटी एग्ज़ाम फॉर्म भरने वालों को **ओरिजिनल टी सी,ओरिजिनल चरित्र प्रमाण पत्र,ओरिजिनल माइग्रेशन सर्टिफिकेट** अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा|
- सेकेंडरी,सीनियर सेकेंडरी मार्कशीट,आधार कार्ड,जाति प्रमाण पत्र,आधार कार्ड
- प्रयोग में आने वाला मोबाइल नम्बर एवं खुद का ई मेल आई डी

## प्रश्न 6: फॉर्म कहाँ और कैसे भरना और कहाँ जमा करना ?

- राजकीय महाविद्यालय के रेगुलर और समस्त प्राइवेट विद्यार्थी ई मित्र से फॉर्म भरेंगे|प्राइवेट कॉलेज के रेगुलर विद्यार्थी अपने सम्बंधित कॉलेज में संपर्क करेंगे एवं कॉलेज में ही फॉर्म भरे जाएँगे|
- **फॉर्म भरने और फीस ई मित्र पर जमा करने के बाद अपने महाविद्यालय में समस्त दस्तावेजों के साथ फॉर्म की हार्ड कॉपी कॉलेज में अनिवार्यतः जमा करानी होगी |इसके बिना विद्यार्थी का फॉर्म आगे प्रोसेस नहीं होगा|**

## प्रश्न 7: किसी भी कक्षा में एडमिशन की पात्रता क्या रहेगी ?

- सभी कॉलेजों में प्रवेश राज्य कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय द्वारा जारी प्रवेश नीति 2022-23 अनुसार ही होंगे|ख़ास तौर से बी.एससी मैथ्स और बायोलॉजी में प्रवेश की पात्रता विशेष रूप से देख लेवें अन्यथा एग्ज़ाम के ठीक पहले विषय बदलने की परेशानी आ सकती है|

## प्रश्न 8: किसी भी कॉलेज में रेगुलर एडमिशन को लेकर विशेष ?

- यदि किसी भी छात्र (BOYS) ने कक्षा बारहवीं की कक्षा 2019 या इससे पूर्व पास की है वह किसी भी स्थिति में किसी भी कॉलेज में:गवर्नमेंट या प्राइवेट कॉलेज में रेगुलर एडमिशन नहीं ले सकता अतः ऐसे विद्यार्थी अपनी पात्रता देख कर के ही फॉर्म भरें | ऐसा विद्यार्थी प्राइवेट (स्वयंपाठी)रूप में परीक्षा फॉर्म भर सकता है | राज्य सरकार की प्रवेश नीति अनुसार **यह नियम छात्राओं पर लागू नहीं होता है|**

## प्रश्न 9 : विशेष सावधानियाँ क्या ध्यान रखनी ?

- आवेदन करने की सभी तारीखें पहले से निर्धारित अतः समय पर फॉर्म भरें एवं समय पूर्व ही फॉर्म भरें क्योंकि अंतिम समय में सर्वर पर लोड अधिक होने से फॉर्म भरने में समस्या आ सकती है
- मोबाइल नम्बर जो लिखें वह आगामी तीन साल न बदलें

- यदि फीस कटने के बाद फॉर्म सबमिट नहीं होता है तो अगले 48 घंटे प्रतीक्षा करें एवं ई मित्र पर जाकर फॉर्म जमा होने को देखें |यदि फॉर्म 48 घंटे बाद जमा नहीं हुआ पता चले तो अनिवार्यतः नया फॉर्म भरें|
- ई मित्र या कॉलेज द्वारा भरे हुए फॉर्म को एक बार जाँच लें एवं नाम,पिता -माता का नाम,कक्षा,विषय,मोबाइल नम्बर अच्छे से जाँच लें|
- फर्स्ट ईयर आई में विश्वविद्यालय द्वारा जारी विषय संयोजन अनुसार ही वैकल्पिक विषय ही भरें |एक ही ग्रुप के दो विषय फॉर्म में न भरें |

विद्यार्थी सेवा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा एक हेल्प डेस्क भी बनाई जा रही है जहाँ विद्यार्थी ऑफिस टाइम में अपनी समस्या ई मेल और टेलीग्राम पर भेज सकेगा |विद्यार्थी को अपनी समस्या मय डॉक्यूमेंट के भेजनी होगी| डेस्क द्वारा समस्या का समाधान मेसेज द्वारा किया जाएगा| हेल्प डेस्क

**मोबाइल नम्बर (टेलीग्राम): 9414014718**

**मेल आई डी: examcoe.ggtu@gmail.com**

विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे केवल Message/Mail ही करें |

- डॉ मनोज पंड्या.परीक्षा नियंत्रक,जीजीटीयू